# बिहार विधान-सभा वादवृत

( भाग—१ कार्यवाही—प्रश्नोत्तर )

सोमवार, तिथि २८ नबम्बर, १९७७

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—३६ ... ... | १—५ |
| | ५—३९ |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—५७६, ५७७, ५७८, ५८०, ५८२, ५८३, ५८४, ५८५, ५८६, ५८७, ५८९, ५९०, ५९४, ५९६, ६०३, ६१८, ६१९, ६२६, ६३०, ६३८, ६४१, ६४२, ६४३, ६६८, ६७८, ६९५। | |
| परिशिष्ट ( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) ... ... | ४०—६२ |
| दैनिक निबंध ... ... ... | ६३—६४ |


टिप्पणी— जिन मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है उनके नाम के आगे ऐसा (*) चिन्ह लगा दिया गया है।

भूख से किसी भी व्यक्ति को मरने की सूचना राज्य के किसी भी जिले से प्राप्त नहीं हुई है ।

---

## महमदा ग्राम-पंचायत में राहत कार्य

५९६ । **श्री कृष्ण वल्लभ प्रसाद सिंह**—क्या मंत्री राजस्व विभाग, यह वतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह वात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत इस्लामपुर थाना के महमदा ग्राम-पंचायत में गत तीन साल से अकाल पड़ता चला आ रहा है ;

(२) क्या यह वात सही है कि उक्त पंचायत में सिचाई का कोई प्रबंध नहीं है एवं इस साल भी सुखाड़ की स्थिति है ;

(३) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त पंचायत में राहत कार्य चलाने का विचार करती है, यदि हाँ तो कवतक, यदि नहीं तो क्यों ?

**श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा**—मंत्री, राजस्व एवं भूमि-सुधार विभाग;

(१) यह वात सही नहीं है कि उक्त ग्राम-पंचायत महमदा में गत तीन साल से अकाल पड़ता चला आ रहा है ।

(३) उक्त ग्राम-पंचायत में पटवन का कोई सरकारी साधन नहीं है फिर भी कृषक कुआं तथा निजी नलकूपों से सिंचाई करते हैं । यह बात सही नहीं है कि इस वर्ष सुखाड़ की स्थिति है ।

(३) उपर्युक्त खण्डों के आलोक में राहत कार्य चलाने का प्रश्न भी नहीं उठता है ।

---

## भू-धारियों का मुआवजा

६०३ । **श्री ब्रजकिशोर नारायण सिंह**—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह वतलाने को कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह वात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के १९७६ तक स्वेच्छा से जमीन सरेन्डर करने वाले भू-धारियों को अब तक मुआवजा नहीं दी गई है ;